

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा को करना पड़ा था स्ट्रगल

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 50 | मंगलवार, 30 अप्रैल 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# ठाणे जिले में तापमान 44 डिग्री पहुंचा

## बाजार हो गए सूने



- कल्याण-डोंबिवली में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस
- दोपहर में सड़कें हो गईं खाली

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली के शहरी और ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर भीषण गर्मी महसूस हो रही है। रविवार को इन दोनों शहरों में 41.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. वहीं मुरबाड में 43 अंश सेल्सियस और कर्जत 43.5 अंश सेल्सियस तक तापमान पहुंच गया था. दो हफ्ते पहले इसी तरह की लू के कारण यहां का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था. दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच सड़क सूनी हो जा रही हैं. इस दौरान हर कोई घर पर ही रहना पसंद कर रहा है।

इस साल ग्लोबल वार्मिंग चरम पर पहुंच गई है. जैसे ही सूरज जलने लगता है, बढ़ते तापमान से सभी पौधे और जानवर प्रभावित होते हैं। अभी, जब विवाह समारोह चल रहा है. गर्मी के कारण नागरिक खूब पसीना बहा रहे हैं। भीषण गर्मी से बचने के लिए बाइक चालक सिर पर हेलमेट, स्कार्फ और रूमाल बांधकर निकल रहे हैं। बार-बार बिजली गुल होने के कारण घर में पंखे और एयर कंडीशनिंग सिस्टम बंद हो गए हैं, युवा और बूढ़े सहित बीमारियों का सामना कर रहे निवासियों की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया है। मौसम विभाग ने अगले 2-3 दिनों तक ठाणे, मुंबई और कोंकण इलाके में लू चलने की आशंका जताई है. शनिवार-रविवार को तापमान में यह बढ़ोतरी अच्छी तरह महसूस की गई। पिछले 12 से 16 अप्रैल के बीच ऐसी ही गर्मी पड़ी थी। इसलिए मौसम विशेषज्ञ अभिजीत मोदक ने बताया कि कल्याण-डोंबिवली समेत पूरे एमएमआर इलाके में रविवार को भी तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है.

### प्रमुख शहरों में दर्ज किया गया तापमान

| | |
|---|---|
| कल्याण | 41.7 डि.से. |
| डोंबिवली | 41.7 डि.से. |
| मुंबई | 36.6 डि.से. |
| मीरा रोड | 36.7 डि.से. |
| ठाणे | 41 डि.से. |
| कळवा | 41.4 डि.से. |
| मुंब्रा | 41.5 डि.से. |
| भिवंडी | 41.6 डि.से. |
| बदलापूर | 41.8 डि.से. |
| मुरबाड | 43 डि.से. |
| कर्जत | 43.5 डि.से. |

### अलर्ट जारी

क्षेत्रीय मौसम विभाग ने सोमवार के लिए भी हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगड के लिए अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, तापमान लगभग इसी प्रकार का बना रहेगा।

## क्राइम डायरी...

### डिलीवरी के बाद महिला की मौत परिजनों का लापरवाही का आरोप

**कल्याण.** हाजीमलंग रोड पर स्थित भानुशाली अस्पताल में डिलीवरी के बाद एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। उनका आरोप है कि महिला की मौत डॉक्टरों और स्टाफ की लापरवाही के कारण हुई है। कोलसेवाड़ी पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चेतना स्कूल के अपोजिट इमारत में रहने वाले चंदन चौधरी की पत्नी डिलीवरी के लिए भानुशाली मैटरनिटी अस्पताल में भर्ती हुई थी वहां पर आपरेशन के बाद लड़का पैदा हुआ। इसके बाद मृतका अलका चौधरी को स्लाइन चढ़ाया जा रहा था। दो घंटे तक न तो परिजनों को कुछ भी नहीं बताया गया. जब स्थिति हद से ज्यादा बिगड़ गई और लगभग उसके प्राण निकल गए थे तब उन्हें दत्त अस्पताल पुणे लिंक रोड के लिए रेफर किया गया जहां पहुचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने यदि समय रहते अलका को रेफर किया होता और नर्सों ने मृतका का ध्यान रखा होता तो उसकी जान नही जाती।

# अंबरनाथ में राजकीय भूकंप

## कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटिल सहित 7 पूर्व नगरसेवक हुए शिवसेना में हुए शामिल





यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में राजकीय भूकंप आया है. शहर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप पाटिल अपने 7 पूर्व नगरसेवकों के साथ शिवसेना शिंदे गट में शामिल हो गए हैं. रविवार रात में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रदीप पाटिल के गले में शिवसेना का पटका डालकर और हाथ में शिवसेना का झंडा देकर उनको पक्ष प्रवेश कराया, जो सात पूर्व नगरसेवकों के साथ गए हैं उनके नाम हैं - सुरेंद्र यादव, अर्चना रसाल, मनोज देवले, बिस्मिल्ला शेख, आत्माराम तांबे, स्वतः प्रदीप पाटिल और चरण रसाल.

पूर्व नगरसेवक एवं रिक्शा यूनिय अध्यक्ष मिलिंद पाटिल ने कांग्रेस नहीं छोड़ा है. तीनों ने शिवसेना में प्रवेश नहीं किया है. इसलिए ये कहना ठीक नहीं होगा कि अंबरनाथ में कांग्रेस का सफाया हो गया है.

प्रदीप पाटिल 1995 से नपा के नगरसेवक हैं. प्रदीप पाटिल ने कहा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे के धडाकेबाज विकास कार्य को देखते हुए शिवसेना में प्रवेश किया है. आगामी दिनों में पूरी ताकत से मैं शिवसेना के लिए कार्य करूंगा, ऐसा पाटिल ने कहा है. उनके प्रवेश के समय अंबरनाथ शिवसेना के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, सुनिल चौधरी, राजेंद्र वालेकर, अब्दुल शेख, सुभाष सालुंखे, निखिल वालेकर आदि उपस्थित थे. मुख्यमंत्री के निवास स्थान ठाणे में रविवार रात एक बजे पाटिल ने शिवसेना में प्रवेश किया.

महिला शहर अध्यक्षा स्मिता बंगेरा, नईम शेख, सुधीर जाधव ने भी शिवसेना में प्रवेश किया है. ऐसा सांसद द्वारा भेजे गए जानकारी में कहा गया है.

### अंबरनाथ कांग्रेस के 3 दिग्गज नगरसेवक शिवसेना में नहीं गए

- अब कांग्रेस के इंद्रा भवन कार्यालय पर होगी सिर फुटौव्वल की नौबत

अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने कांग्रेस को छोड़कर शिवसेना का दामन थाम लिया है. उनके इस तरह कांग्रेस पक्ष को त्याग देने से शहर के पुराने कांग्रेस के नेता अब जाग गए हैं और वह फिर से कांग्रेस पक्ष को ऊपर उठाने के कार्य में जुट गए हैं.

एड. यशवंत जोशी, विजयन नायर आदि ने जल्द ही बचे कांग्रेसियों की एक बैठक लेकर शहराध्यक्ष नियुक्त करने के बारे में सोच रहे हैं. पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल, उमेश पाटिल, विलाश जोशी अभी भी कांग्रेस में हैं. इसलिए कहा जा सकता है कि शहर में कांग्रेस का सफाया नहीं हुआ है. फातिमा स्कूल रोड पर स्थित शहर कांग्रेस के मुख्य कार्यालय इंद्रा भवन पर अब कौन राज करेगा? ये बताया नहीं जा सकता या फिर प्रदीप पाटिल इस कार्यालय पर से अपनी दावेदारी छोड़ दंगे या फिर इस कार्यालय पर कब्जा करने के लिए कांग्रेसियों में विवाद होकर सिर फुटौव्वल की नौबत आएगी, ये तो आनेवाला समय ही बताएगा. जो भी हो शहर में कांग्रेस को जीवित रखनेवाले अभी मौजूद हैं. कांग्रेस फिर तेजी से शहर में आगे बढ़ेगी, ऐसा एक पूर्व नगरसेवक ने कहा है. इस कार्यालय पर से कांग्रेस का झंडा उतार दिया गया है. कार्यालय को ताला लगा दिया गया है, जिसके कारण यहां अंधेरा छाया हुआ है.

# मतदाता जागरूकता के लिए पुस्तक प्रदर्शनी

- प्रदर्शनी में रखी जाएंगी 50 हजार किताबें
- 1 मई से सिंधु भवन में 3 दिवसीय आयोजन

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मनपा ने मतदाता जागरूकता के लिए पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया है. 1 से 3 मई के बीच सिंधु भवन में 3 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी और प्रदर्शनी में 50,000 किताबें रखी जाएंगी. उक्त जानकारी मनपा आयुक्त अजीज शेख ने दी है.




उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर की संकल्पना से मतदाता जागरूकता के लिए 1 मई को महाराष्ट्र दिवस पर कैंप नंबर-3 स्थित सिंधु भवन में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है. अपर आयुक्त लेंगरेकर ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी देखने आने वाले पाठकों को 10 प्रतिशत और जिनके पास मतदाता पहचान पत्र होगा, उन्हें 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। लेकिन जिन पाठकों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, उनके लिए मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने की




प्रक्रिया है। इस पुस्तक प्रदर्शनी में इसके बारे में जानकारी देने के लिए एक विशेष कक्ष होगा. इस कक्ष में मतदाता पहचान पत्र की प्रक्रिया शुरू होने पर पाठक को किताबों की खरीद पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी मिल सकेगी.

मनपा पुस्तक प्रदर्शनी में पाठकों द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु शपथ पत्र लिखा जायेगा। हर दिन एक भाग्यशाली विजेता को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। जनजागरूकता पैदा करते हुए उल्हासनगर नगर निगम क्षेत्र में बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाना चाहिए। इसके लिए इस पुस्तक प्रदर्शनी के अवसर पर यह विशेष गतिविधि आयोजित की जायेगी. यह पुस्तक प्रदर्शनी 1 से 3 मई 2024 तक तीन दिनों तक सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक जारी रहेगी। आपको पुस्तक प्रदर्शनी देखनी चाहिए. आयुक्त अजीज शेख और अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने सभी नागरिकों से अपील की है. 50 हजार से अधिक मराठी, अंग्रेजी, हिंदी और सिंधी किताबें प्रदर्शित की जाएंगी.

### रिश्वत मामले में कंपनी का सलाहकार बरी

**ठाणे.** ठाणे जिले की एक विशेष अदालत ने पूर्व विधायक को रिश्वत देने की आरोपी निजी कंपनी के 43 वर्षीय एक सलाहकार को आरोपों से बरी कर दिया है। भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) मामलों की विशेष अदालत के न्यायधीश अमित एम शेटी ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी हितेन नारायण के खिलाफ लगाए आरोपों को साबित करने में असफल हुआ है और उन्हें संदेह का लाभ दिये जाने की जरूरत है। फैसले की प्रति सोमवार को उपलब्ध हुई।

अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय बी मोरे ने अदालत को बताया कि आरोपी ने पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता को कंपनी के पक्ष में नगर निकाय का ठेका दिलाने में सहायता के लिए चार लाख रुपये की रिश्वत देने की पेशकश की थी।

# मंदिर में चोरी करने वाले CCTV में कैद

- चोरों का टारगेट अब मंदिर
- टिटवाला के म्हस्कल गांव में शिवशंकर मंदिर से चोरी
- मंदिरों में दान पेटियों की ओर बढ़े चोर
- टिटवाला पुलिस में मामला दर्ज

**कल्याण.** कल्याण, डोंबिवली व उल्हासनगर में चोरों ने अब अपना रुख मंदिरों की ओर कर लिया है। पिछले कुछ हफ्तों में विभिन्न मंदिरों में चोरियां हुई हैं। टिटवाला के म्हस्कल गांव फलेगांव मार्ग में प्रसिद्ध श्री शंकर भगवान मंदिर को भी इसमें जोड़ा गया है। कुछ दिन पहले इस मंदिर का दानपात्र चोरी हो गया था. इस पेटी में श्रद्धालुओं ने करीब सात से आठ हजार रुपये जमा किये थे. शंकरनाथ सेवा मंडल गोरक्षनाथ अखाड़ा मंडल ट्रस्ट के यहां 5 मंदिर हैं। इसमें से श्री स्वामी समर्थ के मंदिर के सामने का दानपात्र गायब होने की जानकारी 22 अप्रैल की सुबह सामने आई। इसके बाद ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी और सदस्य तुरंत मंदिर परिसर में पहुंचे. और मंदिर परिसर में लगे




सीसीटीवी फुटेज की जांच की. इसमें उन्होंने देखा कि श्री स्वामी समर्थ मंदिर के सामने तीन अज्ञात चोर मुंह और सिर पर रूमाल बांध कर दान पेटी लेकर जा रहे थे. उसके आधार पर, मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने टिटवाला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। इस तरह की चोरी से श्रद्धालुओं समेत स्थानीय ग्रामीणों ने भी नाराजगी जताई है और इन तीनों चोरों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है. इस बीच पिछले कुछ दिनों से कल्याण डोंबिवली व उल्हासनगर इलाके के विभिन्न मंदिरों में चोरी की घटनाओं से गुस्से का माहौल बना हुआ है.

# भिवंडी लोकसभा क्षेत्र : कपिल पाटिल व बाल्या मामा ने दाखिल किया नामांकन





- दूसरे दिन दो नामांकन पत्र दाखिल

**भिवंडी.** लोकसभा आम चुनाव के भिवंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार समूह) के सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे (बाल्या मामा) और भारतीय जनता पार्टी के कपिल मोरेश्वर पाटिल ने सोमवार को अपने नामांकन पत्र दाखिल किए. 23 भिवंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव निर्णय अधिकारी संजय जाधव ने बताया कि आज कुल 8 लोग 28 नामांकन फॉर्म लेकर गए हैं जिनमें निर्दलीय 11, एमआईएम 05, बहुजन महापार्टी 01, धनवान भारत पार्टी - 03, बहुजन विकास अघाड़ी पार्टी 02, भारतीय मानवता पार्टी 02, स्वाभिमानी गणतंत्र पार्टी 02, अमन समाज पार्टी 02 मिलाकर कुल 28 नामांकन पत्र लिए गए. पहले दिन 54 तथा दूसरे दिन 28, इस प्रकार अब तक कुल 82 नामांकन पत्र दिये गये हैं।

# कल्याण-मुरबाड रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण को किसानों का विरोध

**कल्याण.** प्रस्तावित कल्याण-मुरबाड रेलवे लाइन के काम के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया फिलहाल चल रही है। लेकिन इस भूमि अधिग्रहण के सर्वेक्षण के दौरान कल्याण तालुका में आंबिवली के पास मानवली के कुछ किसानों ने सर्वेक्षण कार्य रोक दिया।

कल्याण-मुरबाड रेलवे लाइन के किनारे कुछ किसानों की कृषि भूमि के साथ-साथ उनके घर भी प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए इन किसानों ने इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराई है. हालांकि, इन



आपत्तियों पर बिना किसी तरह की सुनवाई के प्रशासन की ओर से जमीन का सर्वे शुरू कर दिया गया. जब यह सर्वेक्षण मानवली क्षेत्र में चल रहा था, तब किसानों ने सर्वेक्षण रोक दिया, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। करीब आधे घंटे तक असमंजस की स्थिति बनी रही। इस समय किसानों की मांग थी कि जमीन अधिग्रहण को लेकर हमने जो आपत्तियां दर्ज कराई हैं, उस पर सुनवाई की जाए और उसके बाद ही आगे का काम शुरू किया जाए.

साथ ही किसानों ने सवाल उठाया कि जब उल्हास नदी के किनारे सरकारी जमीन है तो हमारी जमीन क्यों ली जा रही है. इस समय भूमि अधिग्रहण के लिए जिन लोगों को आपत्ति है उनका सर्वे नहीं किया जाएगा, जिनको कोई आपत्ति नहीं है उनका सर्वे किया जाएगा। इस बीच जब किसान हंगामा कर रहे थे तो पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया.

# लोकल से गिरकर दो लोगों की मौत



**कल्याण.** छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जाने वाली लोकल ट्रेन के कोच में भीड़ अधिक होने के कारण दरवाजे पर खड़े होकर यात्रा कर रहे एक युवक और एक युवती की दो दिनों के अंदर लोकल से गिरकर मौत हो गई है. ये दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं डोंबिवली से कोपर और दिवा से मुंब्रा रेलवे स्टेशनों के बीच हुईं।

ये मामले लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए हैं. रिया श्यामजी राजगोर (26) की सोमवार सुबह डोंबिवली और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच मौत हो गई। डोंबिवली रेलवे स्टेशन पर रिया ने सोमवार सुबह मुंबई जाने वाली लोकल पकड़ी। कोच में भीड़ अधिक होने के कारण वह कोच में प्रवेश नहीं कर सकी। वह लोकल के दरवाजे पर खड़ी होकर सफर कर रही थी. जैसे ही लोकल डोंबिवली स्टेशन के बाद आगे बढ़ी, कोपर रेलवे स्टेशन के पास उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रैक पर गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह ठाणे में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करती थी।

दिवा-मुंब्रा रेलवे स्टेशनों के बीच खाड़ी में गिरने से डोंबिवली के युवक अवधेश दुबे की मौत हो गई। वह लोकल से मुंबई की ओर जा रहा था। कोच में भीड़ होने के कारण वह दरवाजे पर लटककर यात्रा कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, मुंब्रा क्रीक के पास स्थानीय दरवाजे पर उसका हाथ लग गया, जिससे वह खाड़ी में गिर गया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि अवधेश का ऑफिस बैग गायब है। परिजनों ने आशंका जताई है कि इसमें कोई हादसा हो सकता है।

### पिछले वर्ष 400 से अधिक यात्रियों की मौत

लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ने के बावजूद लोकल दुर्घटनाओं की संख्या कम नहीं होने से रेलवे प्रशासन की सिरदर्दी बढ़ गयी है. पिछले वर्ष डोंबिवली और दिवा रेलवे स्टेशनों के बीच 400 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई है। गिरने से 800 से अधिक स्थानीय लोग घायल हो गए हैं। ट्रेन हादसों को रोकने के लिए रेलवे प्रशासन कई तरह के कदम उठा रहा है. हालांकि हादसों का ये सिलसिला थम नहीं रहा है.

# जिले की 3 विधानसभा समेत 6 मतदान केंद्र संवेदनशील

**ठाणे.** जिले की तीन लोकसभा सीटों ठाणे, कल्याण और भिवंडी के लिए चुनाव प्रचार इस समय जोरों पर है. तदनुसार, केंद्रीय व्यय निरीक्षकों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों पर नियंत्रण कर लिया है और जिले में निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसी के तहत हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने भिवंडी पूर्व, ओवला माजीवाड़ा और ऐरोली 3 विधानसभा क्षेत्रों को संवेदनशील घोषित किया और नोडल अधिकारियों को इन पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया. इन विधानसभाओं से पहले जिले के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में 6 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है।



जिलाधिकारी कार्यालय स्थित योजना भवन के समिति कक्ष में निर्वाचन व्यय के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक शिंगारे ने की, जिसमें केवल चुनाव से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. चुनाव कार्य की समीक्षा भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव व्यय निरीक्षक चितरंजन मांझी, कल्याण निर्वाचन क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव व्यय निरीक्षक नकुल अग्रवाल और ठाणे लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव व्यय निरीक्षक ने की. चन्द्र प्रकाश मीना एवं राहील गुप्ता आदि ने अब तक किये गये कार्यों का जायजा लिया एवं आगे के कार्य के संबंध में मार्गदर्शन किया क्योंकि जिले की ये तीनों विधानसभाएं संवेदनशील हैं, इसलिए इन केन्द्राधीक्षकों ने अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

### संवेदनशील मतदान केंद्र

| विधानसभा का नाम | मतदान केंद्र का नाम |
|---|---|
| भिवंडी ग्रामीण | वारेथ |
| शाहपुर | दपुर |
| शाहपुर | फुगले |
| भिवंडी पूर्व - | केंद्र नं. 146 शांतिनगर, |
| भिवंडी पूर्व - | केंद्र नं. 142 शांति नगर - |
| ऐरोली - | स्कूल नं. 40 महापे, कक्ष क्रमांक 1 |

भिवंडी लोकसभा में भिवंडी पूर्व की तरह ही ठाणे लोकसभा में ओवला माजीवाड़ा और ऐरोली दैन विधानसभा क्षेत्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इसी के तहत इस बैठक में इन केंद्राधीक्षकों ने जोरदार चर्चा की. तदनुसार, केंद्रीय चुनाव व्यय निरीक्षक ने इस विधानसभा के नोडल अधिकारियों को इस स्थान पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और कानून व्यवस्था के संबंध में उचित सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए। हालांकि सभी विभागों के अधिकारी अपना काम कर रहे हैं, अगर कोई मामला उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है, लेकिन अगर उस जगह पर कुछ मिलता है, तो वे संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तुरंत जानकारी देंगे. इसलिए सभी को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से एक-दूसरे से संवाद कर काम करना होगा, यह बात भी केंद्रीय व्यय निरीक्षक ने इस समय अधिकारियों से कही.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### कुमाऊं के जंगलों में आग

किसी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसे हालात से बचा जा सके। हैरानी की बात है कि उत्तराखंड के जंगलों में हर वर्ष आग लगने और उससे व्यापक नुकसान होने की घटनाओं के बावजूद इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी जाती। इस बार फिर नैनीताल और उसके आसपास के जंगलों में आग लगी और फैल कर खतरनाक शक्ल ले चुकी है।

बीते दो-तीन दिनों में कुमाऊं के जंगलों में पच्चीस से ज्यादा जगहों पर आग लग गई। वनाग्नि की इन घटनाओं में जहां करीब चौंतीस हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है, वहीं नैनीताल और आसपास के इलाकों में पर्यटन कारोबार पर भी इसका विपरीत असर पड़ा है। आग बुझाने के लिए भीमताल के पानी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उस झील में पर्यटन गतिविधियां ठप पड़ गई हैं। इससे इलाके की अर्थव्यवस्था पर काफी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है।

ऐसा नहीं कि उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की यह कोई पहली या नई घटना है। हर वर्ष गर्मी में कई जगहों पर आग लगने की वजह से आसपास का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इस बार तापमान में बढ़ोतरी के साथ अभी ही राज्य में पांच सौ से ज्यादा आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं। विडंबना है कि प्रत्यक्ष आशंका और खतरा होने के बावजूद गर्मी की शुरुआत के पहले सरकार की ओर से आग लगने के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर बचाव और आग को फैलने से रोकने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा सके।

जंगल में कुछ ऐसे खाली क्षेत्र तैयार किए जा सकते हैं, जहां जलाशय बनाए जा सकते हैं कि अगर किसी क्षेत्र में आग लगे, तो उसे फैलने से रोका जा सके और बुझाने में मदद मिले। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि क्या आग लगने की घटनाओं में कुछ अराजक तत्त्वों का हाथ है! मगर आम हो चुकी वनाग्नि की घटनाओं के बावजूद सरकार को इस ओर ध्यान देना शायद जरूरी नहीं लगता। नतीजतन, हर वर्ष राज्य में जंगलों का बड़ा हिस्सा वनाग्नि से तबाह होता है।

# कटु यथार्थ के भुक्तभोगी फुले-आंबेडकर



महात्मा फुले की कहानी एक भुक्तभोगी समाज सुधारक की कहानी है, जो अप्रैल में ही चौंसठ साल बाद पैदा हुए डॉ. भीमराव आंबेडकर की कहानी की पूर्व पीठिका है। फुले 1848 में एक ब्राह्मण मित्र की शादी में जातिभेद के कारण अपमानित हुए थे। फुले की मृत्यु 1890 में हुई और ठीक एक साल बाद पैदा हुए आंबेडकर को भी जाति भेद, अस्पृश्यता अपने विकराल रूप में सक्रिय होती मिली। वह स्कूल गए, तो 'उच्च जाति के हिंदू बच्चों' ने साथ बैठने से मना कर दिया। अध्यापक ने कक्षा के बाहर बैठ कर पढ़ने की इजाजत दी। कैशियर की नौकरी कर रहे पिता से मिलने गए, तो स्टेशन से सवारी नहीं मिली। स्वयं हांक कर ले जाने की शर्त पर बैलगाड़ी मिली, तो समय पर पहुंच नहीं पाए। बड़ौदरा नरेश के राज्य में वित्त-सचिव बने, तो किराये का मकान नहीं मिला। धर्म/जाति छिपा कर रहे, तो उन्हें बलपूर्वक बाहर निकाला गया। ज्योतिबा फुले ने अस्पृश्यों के लिए जल-कुएं खुलवा दिए। वर्ष 1848 से ही बालिका विद्यालय खोलने की शुरुआत की, और मुंबई प्रेसिडेंसी में मुस्लिम और अस्पृश्य बच्चों के लिए कुल 18 विद्यालय खोलने का रिकॉर्ड बनाया। वर्ष 1873 में 'सत्य शोधक समाज' का गठन कर, फुले दंपती ने समाज सुधार की रचनात्मक मुहिम छेड़ी। 'अस्पृश्यता' और 'जाति भेद' के खिलाफ समाज में आत्मसम्मान की चेतना जागृत की। फुले पर तुकाराम चोखामेला, कबीरवाणी और रैदास का प्रभाव था। ब्रिटिश राज की शिक्षा और संस्कृति से स्त्री-पुरुष बराबरी का सबक सीखा। मराठी भाषा के प्रमुख भारतीय लेखक होने के साथ फुले की ख्याति सुधारक के रूप में फैल गई। 1872 में उन्होंने गुलाम गिरी लिखी। यह पुस्तक उतनी ही महत्वपूर्ण थी, जितनी 1948 में प्रकाशित हुई डॉ. आंबेडकर की पुस्तक द अनटचेबल थी। कोलापुर के छत्रपति शाहू महाराज पर भी फुले के सत्यशोधक आंदोलन का प्रभाव पड़ा था। उन्होंने 1902 में ही अपने राज्य की नौकरियों में अस्पृश्य व अति पिछड़ी जातियों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की व्यवस्था कर दी थी। बिना शर्त मूकनायक की सहायता करते हुए प्रवेशांक पर ही ढाई लाख रुपये की मदद की। सावित्री बाई फुले, ज्योतिबा फुले के साथ 1840 में ब्याह कर आईं। वह उनकी महज पत्नी भर नहीं थी, शिक्षा मिशन को आगे ले जाने वाली आधार स्तंभ थीं। सावित्री बाई के साथ शिक्षिका 'फातिमा शेख' को भी याद करना प्रासंगिक होगा। फातिमा मुस्लिम समाज से पहली शिक्षिका थीं, जो सावित्री से तो बड़ी थीं ही, फुले से भी तीन साल बड़ी थीं। आंबेडकर ने फुले से विद्या और सामाजिक सम्मान सीखा, शिक्षा को जाति-धर्म के भेदों से मुक्त उसे शुद्ध मानवीय बनाया। बुद्ध से संगठन सीखा, जो 'संघ' के रूप में स्थापित हुए थे। फुले से जो बात विद्या के रूप में गांठ बांधी, आजीवन विद्या को सर्वोपरि महत्व दिया। ज्योतिबा फुले किसान जीवन के अंतर्विरोधों, जमींदारों और भूमिहीन किसानों के संबंधों को बखूबी समझते थे। उन्होंने अपने यथार्थपरक लेखन द्वारा गुलाम को गुलामी का एहसास कराया था। वर्तमान में डॉ. आंबेडकर सभी दलों के प्रिय हो गए हैं। कोई उनकी लोकतांत्रिक अवधारणा का पक्ष प्रकट कर रहा है, तो कोई 'संविधान' को बचाने की बात कर रहा है। संसदीय लोकतंत्र की चर्चा बिना आंबेडकर की विधिक चेतना-ज्ञान, आशाओं और आशंकाओं को नजर अंदाज करके नहीं की जा सकती। डॉ. आंबेडकर लोकतंत्र के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने दुनिया के कई देशों की अनियंत्रित सत्ताओं के परिणामों से सीखा और समझा था। अंततः वे जनता द्वारा नियंत्रित सत्ता के प्रस्तावक बने। वह तानाशाही या एकाधिकावादी सत्ता के स्थान पर जनमत से चुनी जाने वाली सत्ता का सम्मान करते थे। वह स्त्री-पुरुष, धनी-निर्धन सभी के मत का मूल्य एक बराबर मानते थे। विचारणीय है कि यदि आज आंबेडकर जीवित होते, तो मौजूदा चुनावी राजनीति पर क्या कहते? ज्ञात हो कि वह पहले चुनाव के परिणामों से ही निराश हो उठे थे। जीवन के आखिरी दिनों में वह भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं थे। उन्हें भय था कि यदि लोकतांत्रिक शिक्षा का अभाव रहा, तो मतदाता को बरगलाया जा सकता है, जो निष्पक्ष चुनाव कराने के सम्मुख एक बड़ी चुनौती के रूप में उपस्थित है।




हमारी प्रत्येक साँस अनमोल है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# घाटी में चुनावी माहौल और सीमापार की साजिश

जिस समय जम्मू-कश्मीर में लोकसभा के लिए मतदान हो रहा था, उसी दौरान बारामूला में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही थी। उसमें सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया, हालांकि दो सैनिक भी जख्मी हो गए। यह मुठभेड़ दो दिनों तक चली। सुरक्षाबलों को उस इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। गनीमत है कि चुनाव के दौरान किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने से पहले आतंकियों को मार गिराया गया। बारामूला नियंत्रण रेखा पर स्थित जिला है। वहां सीमा पार से घुसपैठ कर आतंकियों के आने में पाकिस्तानी सेना का भी सहयोग मिलता है।

अनेक मौकों पर देखा गया है कि घुसपैठ कर आए आतंकियों की भारतीय सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ होती है, तो उधर से पाकिस्तानी सेना भी गोलीबारी शुरू कर देती है, ताकि उन्हें लक्षित स्थान तक पहुंचाया या फिर वापस लौटने में मदद की जा सके। मगर भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना और आतंकियों की ऐसी रणनीतियों से वाकिफ है और उन पर लगातार नजर बनाए रखती है। इस समय भारत में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, जाहिर है वे आतंकी इसमें खलल डालने के इरादे से ही इधर आए थे।

भारतीय सेना की सक्रियता और तत्परता का ही नतीजा है कि सीमा पार से प्रशिक्षण पाए आतंकियों की घुसपैठ में काफी कमी आई है। यह भी उल्लेखनीय है कि चुनाव के इस माहौल में घाटी में आतंकी घटनाएं नहीं होने पाई हैं। जबसे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त हुआ है, अलगाववादी ताकतें स्थानीय लोगों को भड़काने और वहां उग्रवाद को तेज करने का प्रयास करती रही हैं। पाकिस्तान लगातार इसे जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता पर हमला करार देता रहा है। मगर अब वह पहले की तरह स्थानीय लोगों को भड़काने और बरगलाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है।



लगातार तलाशी अभियान और सीमा पर कड़ी नजर रखी जाने से घुसपैठ कराने की उसकी योजनाएं सफल नहीं हो पातीं। पहले वह सड़क मार्ग से तिजारती सामान में हथियार वगैरह छिपा कर इस तरफ पहुंचाने में कामयाब हो जाता था, मगर जबसे तिजारत के रास्ते बंद हैं, वह ऐसा नहीं कर पाता। पंजाब के कुछ इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और पैसे गिराने की कोशिश करता है, पर वहां भी अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली स्थापित हो जाने से उसे मुंह की खानी पड़ रही है। हालांकि सरकार का दावा है कि घाटी में आतंकी गतिविधियों पर काफी हद तक नकेल कसी जा चुकी है, पर अब भी स्थानीय लोगों में भरोसा पैदा होने का दावा करना मुश्किल है।

घाटी में पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद को मिल रहे समर्थन पर जरूर अंकुश लगा नजर आ रहा है, मगर स्थानीय युवाओं को दहशतगर्दी के रास्ते से अलग कर मुख्यधारा में शामिल करना अब भी चुनौती है। पिछले कुछ महीनों में शैक्षणिक संस्थानों में आतंकी तैयार करने वालों की पहचान होने, बाहरी लोगों को निशाना बना कर मारने और कई मौकों पर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला करने की घटनाओं से जाहिर है कि घाटी में आतंक की जड़ें अभी बनी हुई हैं और मौका पाकर कल्ले फोड़नी शुरू कर देती हैं। ऐसे प्रमाण भी मिले हैं कि स्थानीय युवाओं में हथियार उठाने की दर बढ़ी है। इसलिए ऐसी रणनीति पर गंभीरता से काम करने की दरकार महसूस की जाती है कि जिससे स्थानीय लोगों में शासन पर भरोसा कायम किया जा सके।

# कितना पानी है दुनिया के नदियों में? क्या जानते हैं आप?

**जरा हट के**

वैसे तो पूरी धरती की तीन चौथाई हिस्सा पानी से घिरा है, लेकिन पीने लायक पानी बहुत कम है. इसमें नदियां अहम स्रोत हैं. इसके अलावा नदियां, कई प्राकृतिक, मानव आबादी और आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखती हैं. नदियों द्वारा हासिल किए गए और छोड़े गए पानी की मात्रा सहित उनकी गतिशीलता को समझना, प्रभावी स्वच्छ जल संसाधन प्रबंधन के लिए बहुत जरूरी है. पर क्या आप जानते है कि दुनिया कि नदियों में आखिर कितना पानी है? नासा की अगुआई में हाल ही में किया गया एक अध्ययन इस मामले में नया नजरिया प्रदान करता है, जो महत्वपूर्ण जल तनाव का सामना करने वाले क्षेत्रों को रेखांकित करता है. ऐतिहासिक रूप से, दुनिया भर में नदियों में जमा होने वाले पानी की कुल मात्रा का सटीक और विश्वसनीय अनुमान पता करने के लिए माप तकनीकों और डेटा उपलब्धता की सीमाओं के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है.



### कैसे किया गया अध्ययन

नेचर जियोसाइंस जर्नल में प्रकाशित और नासा द्वारा किए गए हालिया शोध ने इस मुद्दे के समाधान में महत्वपूर्ण प्रगति की है. शोध दल ने पारंपरिक स्ट्रीम-गेज माप को उन्नत हाइड्रोलॉजिकल कंप्यूटर सिमुलेशन के साथ मिलाया . इस पद्धति में दुनिया भर में लगभग 3 मिलियन नदी खंडों का विश्लेषण शामिल है, जो पहले से कहीं अधिक सटीक रूप से नदी की गतिशीलता को मैप करने के व्यापक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है.

उन्नत कम्प्यूटेशनल मॉडल और व्यापक स्ट्रीम-गेज माप के संयोजन को नियोजित करके, अध्ययन का अनुमान है कि पृथ्वी की नदियाँ सामूहिक रूप से लगभग 2246 क्यूबिक किलोमीटर पानी रखती हैं. नदियों में पानी की मात्रा कुल स्वच्छ पानी के संसाधनों के एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो पृथ्वी के पानी का केवल 2.5 फीसदी है. फिर भी, वैश्विक जल चक्र के प्रबंधन के लिए यह राशि आवश्यक है.

**खाना-खजाना**

# गर्मियों में सत्तू के लड्डू से करें दिन की शुरुआत

गर्मियों में सत्तू का सेवन किसी न किसी रूप में जरूर करना चाहिए। इसका शरबत तो आपने भी जरूर पिया होगा, लेकिन आज हम आपके लिए इसके लड्डू की शानदार रेसिपी लेकर आए हैं, जो सिर्फ सेहत ही नहीं, स्वाद के लिहाज से भी काफी ज्यादा टेस्टी होते हैं। आइए आपको बताते हैं फाइबर, प्रोटीन, कार्बोहाइट्रेड और सोडियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर इन लड्डुओं को बनाने की विधि।

**सामग्री :**

- सत्तू-200 ग्राम
- पिसी चीनी-150 ग्राम
- देसी घी-100 ग्राम
- इलायची पाउडर-एक चम्मच
- ड्राई फ्रूट्स- 3-4 चम्मच



**विधि :**

सत्तू के लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले एक कढ़ाई में घी गर्म होने के लिए रख दें।

इसमें सत्तू डालें और मीडियम फ्लेम पर भुनने के लिए रख दें।

इसमें से खुश्बू आने लगे, तो गैस ऑफ कर दें और इसे ठंडा होने के लिए एक तरफ रख दें।

अब ड्राई फ्रूट्स को भी फ्राई कर लें और इन्हें सत्तू के साथ मिला दें।

इस मिश्रण में पिसी हुई चीनी और इलाइची पाउडर भी मिलाएं और सभी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लें।

अब हाथों पर थोड़ा घी लगाकर लड्डू बनाना शुरू करें और अगर ये टूटें, तो मिश्रण में थोड़ा और घी भी डाल सकते हैं।

बस तैयार हैं सत्तू के स्वादिष्ट और हेल्दी लड्डू। आप चाहें, तो पिसी चीनी की बजाय इन्हें चाशनी बनाकर भी तैयार कर सकते हैं।

# गर्मियों में क्यों बढ़ जाती है चक्कर आने-बेहोशी की दिक्कत?

## कैसे करें इन समस्याओं से बचाव

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी और लू के शरीर पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सभी लोगों को इन दिनों धूप और गर्मी से बचाव करते रहना चाहिए। जिन लोगों को पहले से ही किसी प्रकार की क्रोनिक बीमारी जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या हृदय रोगों की समस्या रही है उन्हें इन दिनों में और भी सावधान हो जाना चाहिए। लू के कारण अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है। गर्मी के दिनों में आपने भी बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। पर क्या आप जानते है कि आखिर ऐसा होता क्यों है और गर्मी के कारण कोई बेहोश हो जाए तो तुरंत क्या उपाय किए जाने चाहिए जिससे उसे किसी गंभीर समस्या से बचाया जा सके?



### हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्या

हीट स्ट्रोक या गर्मी के कारण आने वाले चक्कर-बेहोशी की समस्या आमतौर पर तब होती है जब हमारे शरीर का तापमान कुछ प्रकार के बाहरी कारकों जैसे उच्च तापमान की प्रतिक्रिया में काफी बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी के मौसम में बाहर रहने वाले, फील्ड में काम करने वाले या गर्मी के मौसम में बाहर खेलने-व्यायाम करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। यह दिक्कत तब भी हो सकती है जब आप किसी गर्म कार या इनडोर क्षेत्र में हों जहां का तापमान अधिक हो। यही कारण है कि गर्मियों में सेहत का ख्याल कैसे रखें, क्या करें-क्या नहीं? इस बारे में जानना जरूरी है।

### क्यों होती है बेहोशी?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गर्मी के दिनों में अधिक तापमान के संपर्क में आने के अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जिनके कारण आपको चक्कर आने-थकान और बेहोशी की समस्या हो सकती है।

निर्जलीकरण यानी कि डिहाइड्रेशन इसका एक प्रमुख कारण है। शरीर से पसीने के रूप में पानी निकल जाने और उस अनुपात में पानी न पीने की स्थिति में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है जिसमें बेहोशी होना एक प्रमुख लक्षण है। इसके अलावा अचानक से ठंड से गर्म या गर्म से ठंडी जगहों में जाने से शरीर के तापमान में होने वाले बदलाव के कारण भी बेहोशी-चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है।

### चक्कर आने से कैसे बचें?

- डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है।
- पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें।
- अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है।
- ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है।
- गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का सेवन जरूर करते रहें।
- जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान।
- सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।

## आज का राशिफल

**मेष :** वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**वृषभ :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

**कर्क :** थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**सिंह :** विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**कन्या :** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। उपहार की प्राप्ति होगी।

**तुला :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा।

**धनु :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। सहयोग मिलेगा।

**मकर :** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लाभ होगा।

**कुंभ :** मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी की नाराजी से मन खराब होगा।

**मीन :** बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# रखे-रखे लोहे की कड़ाही, तवे में लग गई है जंग?

- ये 3 नुस्खे हैं बड़े काम के
- मिनटों में निकलेगा जंग

खाना बनाने के लिए लोग स्टील, एल्युमीनियम, कांच के बर्तनों का खूब इस्तेमाल करते हैं. लेकिन आज भी आपको अधिकतर किचन में लोहे के बर्तन भी मिल जाएंगे जिसमें लोग खाना पकाते हैं. लेहे का तवा, लोहे की कड़ाही महिलाएं खूब इस्तेमाल करती हैं. लोहे के बर्तन में खाना बनाना सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होता है. ये स्टील, एल्युमीनियम आदि के बर्तनों से भी बेहतर होता है. हालांकि, लोहे के बर्तन थोड़े भारी होते हैं और इनकी सफाई करना कुछ लोगों को मुश्किल लगता है. कई बार लोहे के बर्तनों में जंग लग जाती है. ऐसा पानी से धोने में होता है. पानी अगर बर्तनों पर लगा रह जाए तो इसमें नारंगी रंग का धब्बा बन जाता है. यदि आपकी भी कड़ाही और तवे या अन्य लोहे के बर्तनों पर जंग लग रही है तो परेशान ना हों. आपको हम बेहद ही आसान से टिप्स बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप लोहे की कड़ाही, तवे को साफ-सुथरा रख सकती हैं. इन टिप्श को शेयर किया है जानी मानी मास्टर शेफ पंकज भदौरिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर. तो चलिए जानते हैं इन हैक्स के बारे में यहां.



### कड़ाही से जंग कैसे हटाएं

1. कई बार लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल ना करने पर भी इनमें जंग लग जाती है. अब इन्हें साफ करने में काफी समस्या आपको महसूस नहीं होगी. मास्टर शेफ पंकज भदौरिया के अनुसार, सबसे पहले अपने सभी लोहे के बर्तनों जैसे तवा, कटोरा, कड़ाही को अच्छी तरह से पानी से साफ कर लें. फिर इन्हें कपड़े से अच्छी तरह से पोछ दें ताकि पानी न लगा रहे.
2. जब सभी बर्तन अच्छी तरह से सूख जाएं तो इस पर आप सरसों का तेल लगा दें. चारों तरफ अपने हाथों से तेल लगाएं. अब एक दूसरे साफ और सूखे कपड़े से कड़ाही, पैन, तवे को अच्छी तरह से पोछ दें. कॉटन कपड़ा लेंगे तो अच्छी तरह से तेल साफ हो जाएगा. अब आप इन्हें रख दें. शर्तिया इन पर दोबारा कभी भी जंग नहीं लगेगा.
3. जब भी आप लोहे के बर्तन साफ करें तो माइल्ड डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें. जब आप इन बर्तनों को पानी से धोते हैं तो उसे ऐसे ही ना छोड़ें, बल्कि कपड़े से पोछकर ही रखें. इससे जंग नहीं लगेगी. साथ ही तेल लगाना ना भूलें.

# फ्रिज में सूख जाता है अदरक?

- हफ्तों ताजा रखने का मिल गया तरीका
- ट्राई करें ये 6 उपाय

गर्मी के मौसम में सब्जियां तेजी से खराब हो जाती हैं. इससे बचाने के लिए हम उन्हें फ्रिज बास्केट में स्टोर करते हैं. लेकिन जब हम अदरक को फ्रिज में स्टोर करते हैं तो ये या तो सूख जाते हैं या इनमें स्प्राउट आने लगता है. ऐसे जब हम इसका इस्तेमाल करने के लिए लेते हैं तो स्वाद का मजा किरकिरा हो जाता है. ऐसे में यह जानना जरूरी है कि अदरक को अधिक से अधिक दिनों तक किस तरह स्टोर किया जाए. यहां हम लाए हैं कुछ ऐसे किचन ट्रिक्स जिसकी मदद से आप लंबे समय तक अदरक को स्टोर कर सकते हैं और इन्हें फ्रेश भी रख सकते हैं.



### अदरक को फ्रिज में ऐसे करें स्टोर

**पहला तरीका**

आप जब भी अदरक को बाजार से खरीदकर लाएं इसे कागज के टॉवल या टिशू पेपर में लपेट कर ही फ्रिज में रखें. इस तरह इनके आसपास नमी नहीं बनेगी और ये अधिक दिनों तक ताजा रहेंगे.

**दूसरा तरीका**

अगर आप अधिक मात्रा में अदरक खरीद लिए हैं और इन्हें बर्बाद नहीं करना चाहते हैं तो आप इसे काटकर एक बोतल में रखें और इसमें सिरका भर दें. इस तरह यह महीनों खराब नहीं होगा.

**तीसरा तरीका**

आप अदरक का पेस्ट बना लें और इसमें नमक मिलाकर स्टोर करें. अब इस पेस्ट को आप एयर टाइट कंटेनर मे रखकर फ्रिज में स्टोर कर दें. यह लंबे समय तक इस्तेमाल में आ सकेगा.

**चौथा तरीका**

अदरक को लंबे समय तक स्टोर करना है तो आप इसे धूप में सुखा लें और इसे रोस्ट कर पाउडर बना लें. अब आप इसे लंबे समय तक फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं और इस्तेमाल कर सकते हैं.

**पांचवां तरीका**

अगर कटा हुआ अदरक है तो आप उसे प्लास्टिक के जिपलॉक में रखें. ऐसा करने से यह करीब 3 हफ्ते तक आसानी से ताजा रहेगा.

**छठा तरीका**

अदरक को पीस लें और इसे आइस क्यूब में डालकर जमा लें. अब इसे कंटेनर में रखें और फ्रिजर में 5 से 6 महीने तक स्टोर करें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मेहंदी छूटने से पहले उठी अर्थी!

**उन्नाव.** उन्नाव के शुक्लागंज में गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अखलॉक नगर में दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी। अभी आठ दिन पहले ही शादी हुई थी। ससुराल वाले बाइक न मिलने से नाराज थे। पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में विधिक कार्रवाई की। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम में मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। जाजमऊ आंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की 21 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी 21 अप्रैल 2024 को अखलाक नगर निवासी नदीम पुत्र रफीक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति नदीम, ससुर रफीक, सास अमना, ननद उजाला और देवर नईम चांदनी को प्रताड़ित करने लगे और मायके से बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। चांदनी के भाई मंसूर ने बताया कि बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने बहन की गला दबाकर हत्या कर दी।

### 10वीं के छात्र की हत्या, सिर-गर्दन पर कई वार

**बरेली.** बरेली के फरीदपुर में भुता थाना क्षेत्र के परेवा कुइया गांव में शनिवार दोपहर हुए विवाद की रंजिश में जरी कारीगर के हाईस्कूल में पढ़ने वाले बेटे की गांव के ही युवकों ने सिर में धारदार हथियारों से प्रहार कर हत्या कर दी। मृतक के पिता ने गांव के ही एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम परेवा कुइया निवासी शमसुल जरी कारीगर हैं। उनके बेटे 17 वर्षीय फरमान हुसैन और छोटे भाई मोहम्मद हसन का शनिवार दोपहर गांव के ही गौतम से विवाद के बाद मारपीट हुई थी। गौतम नशे में था और उसने उन लोगों को जान से मारने की धमकी दी थी।

### जमीन के लिए दो पक्षों में मारपीट, महिला की मौत

**प्रयागराज.** प्रयागराज में सोरांव इलाके के तौकलपुर खरगापुर गांव में रविवार सुबह जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बीचबचाव करने पहुंची महिला पर भी लाठी डंडे से प्रहार किया गया। जिससे महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। गंभीर हालत में उसे बेली अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। सोरांव पुलिस ने मृतक के पति की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना से गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात है। वहीं देर रात पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव गांव पहुंचा।

### राशिद अली के साथ पुलिस का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली, कई केस में वांटेड

**अलीगढ़.** एएमयू कैंपस में फायरिंग, सीएए-एनआरसी बवाल सहित कई मुकदमों में वांछित 25 हजार के ईनामी बदमाश एएमयू के पूर्व छात्र को पुलिस ने शनिवार देर रात मुठभेड़ में दबोच लिया। मुठभेड़ में दोनों तरफ से हुई फायरिंग में ईनामी बदमाश के पैर में गोली भी लगी। पुलिस को काफी दिनों से इसकी तलाश थी। एएमयू की सेंट्रल कैंटीन पर पिछले वर्ष छात्र गुटों में झगड़े के दौरान फायरिंग, मेडिकल कॉलेज में कैंटीन संचालक पर रंगदारी के लिए फायरिंग करने और पिछले दिनों मेडिकल छात्रा को गोली मारने की घटना में मूलरूप से चंपारण बिहार मिडिल स्कूल के सामने निवासी राशिद फरार चल रहा था।

# कांग्रेस ने कर्नाटक को लूट का ATM बनाया : PM मोदी

- ये एक सेकेंड में गरीबी हटाने का दावा करते हैं
- 60 साल सरकार थी, क्यों नहीं हटाया

**बागलकोट.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कर्नाटक के बागलकोट में जनसभा की। उन्होंने कहा- कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का ATM बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा- आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 60 साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है? उनके दुख, उनकी तकलीफ से कांग्रेस और उनके साथियों को कोई वास्ता नहीं था।



बागलकोट के बाद मोदी महाराष्ट्र के पुणे, सातारा, सोलापुर में भी जनसभाएं करेंगे। इससे पहले मोदी ने 28 अप्रैल (रविवार) को भी कर्नाटक के बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में चार सभाएं की थीं। कांग्रेस की पहचान उनके पापों के कारण बनी है। उन्होंने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। विधायकों को विकास निधि का पैसा नहीं मिल रहा है। वो दिन दूर नहीं जब यहां की सरकार अपने अधिकारियों को पेमेंट नहीं दे पाएगी। आपके बच्चे भूखे मर जाएंगे।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार नहीं चला रही। वह वसूली गैंग चला रही है। कांग्रेस के नेता अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं। हमारे बेंगलुरु ने देश का नाम ऊंचा किया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे टैंकर हब बना दिया है। हुबली में हमारी एक बेटी के साथ बहुत गलत हुआ। उसे चाकू मारा गया। वो घटना के बारे में सुनकर हर किसी का दिल दहल गया, लेकिन कांग्रेस सरकार वोटबैंक की राजनीति कर है। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद को पार कर सकती है।

कर्नाटक में कट्टरपंथी ताकतें बेलगाम हुई हैं। कोई दुकानदार अपनी दुकान के अंदर हनुमान चालीसा सुनता है तो उस पर हमला होता है। ये आतंकवाद और कट्टरवाद की मानसिकता है। कांग्रेस वोट पाने के लिए इस मेंटिलिटी को प्रोटेक्ट कर रही है।

सोशल मीडिया के जमाने में कांग्रेस टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल कर रही है। ये लोग फेक वीडियो बना रहे हैं। मेरी आवाज लगाकर कुछ भी खबर चला रहे हैं। अगर आपको कोई भी फेक वीडियो मिलता है तो उसे भाजपा को दें। तुरंत कार्रवाई होगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल से पूछा-

# समन नजरअंदाज क्यों किए?

- जमानत के लिए आवेदन क्यों नहीं किया
- सिंघवी का जवाब- क्योंकि गिरफ्तारी अवैध है

**नई दिल्ली.** दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में मामले की सुनवाई शुरू हो गई है। केजरीवाल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और ED की तरफ से ASG एसवी राजम दलीलें रख रहे हैं।

बेंच ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा- दरअसल आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हैं। आपने जमानत के लिए आवेदन क्यों नहीं किया? इस पर सिंघवी ने कहा कि गिरफ्तारी अवैध है इसलिए। इस पर ED के वकील एसवी राजू ने कहा कि इन्होंने पिछली कस्टडी का भी विरोध नहीं किया। आपको नोटिस भेजे गए थे। आपने नजरअंदाज कर दिए। कोर्ट में सुनवाई करीब 2 बजकर 55 मिनट पर शुरू हुई। इसके बाद सिंघवी ने करीब 1 घंटे तक लगातार अपनी बातें रखीं। कोर्ट ने इस पर पूछा कि आपको अपनी बात पूरी करने के लिए और कितना समय चाहिए। हम इस पर 30 अप्रैल को सुनवाई करेंगे।

### हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी को सही बताया था

9 अप्रैल को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही बताया था। साथ ही कहा था कि ED के पास गिरफ्तारी के पर्याप्त सबूत हैं। इसके बाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ 10 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। 15 अप्रैल को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 29 अप्रैल यानी आज की तारीख दी थी।

# सड़क हादसा, 9 की मौत

- खड़े ट्रक में जा घुसी पिकअप
- मरने वालों में 5 महिलाएं और 4 बच्चे

**बेमेतरा.** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में देर रात एक पिकअप खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में 9 लोगों की मौके पर मौत हो गई है। इनमें 5 महिलाएं और 4 बच्चों में 2 जुड़वा बहनें शामिल हैं। 23 से ज्यादा लोग घायल हैं, 4 घायलों को रायपुर एम्स में भर्ती किया गया है। इनमें से एक की हालत गंभीर है। हादसा बेमेतरा थाना क्षेत्र के कठिया गांव में हुआ। CM साय ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतक परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

जानकारी के अनुसार करीब 35 से ज्यादा लोग पिकअप में सवार होकर सिमगा के पास ग्राम तिरैया में छठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लौटते वक्त रात करीब 2.30 बजे सामने से आ रहे वाहन की लाइट के कारण पिकअप चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक नजर नहीं आया और हादसा हो गया। सभी पथर्रा गांव के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा, SP रामकृष्ण साहू और विधायक दीपेश साहू जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल जाना और 4 गंभीर घायलों को रायपुर एम्स भेजा।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस

# पूर्व PM देवगौड़ा के पोते प्रज्वल पर FIR

**बंगलूरू.** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का कुनबा सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिर गया है। देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ उनकी मेड (घरेलू सहायिका) ने यौन शोषण की FIR दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।



कर्नाटक महिला आयोग की चेयरपर्सन नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है। इस बीच, कर्नाटक के CM सिद्धारमैया की तरफ से गठित SIT ने जांच शुरू कर दी है। इसका नेतृत्व ADGP वीके सिंह कर रहे हैं। DG CID सुमन डी पेन्नेकर और IPS सीमा लाटकर भी SIT में शामिल हैं।

### प्रज्वल के पिता बोले- जो वीडियो रिलीज हुए, वे 4-5 साल पुराने हैं

प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना ने कहा कि मैं नहीं जानता ये कैसा षड्यंत्र रचाया गया है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो आसानी से डर कर भाग जाऊं। उन्होंने जो वीडियो रिलीज किए हैं, वे 4-5 साल पुराने हैं। प्रज्वल को पार्टी से निकालने का फैसला पार्टी हाई कमान लेगा। रेवन्ना ने कहा कि राज्य सरकार को इस केस की जांच करने दीजिए। प्रज्वल वैसे भी विदेश जाने वाला था। पिछले 40 साल में कांग्रेस की सरकार में हमने कई जांच का सामना किया है। मैंने अब तक देवगौड़ा से इस बारे में बात नहीं की है। सारी कार्रवाई कानून के मुताबिक होगी।

मामले को लेकर देवगौड़ा के बेटे पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा- अगर किसी भी गलत काम में कोई शामिल है, तो उसे कानून के तहत सजा भुगतनी होगी। हालांकि, गौर करने वाली बात है कि इस वीडियो को अभी क्यों जारी किया गया है। इसे पहले क्यों नहीं जारी किया गया था।

## बंगाल शिक्षक भर्ती मामला

# CBI जांच पर SC की रोक

- अगली सुनवाई 6 मई को

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की CBI जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए कहा कि हम मामले की अगली सुनवाई 6 मई को करेंगे। तब तक CBI जांच पर स्टे रहेगा। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नियुक्ति सही है तो क्या उसे अलग किया जा सकता है।

दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार (22 अप्रैल) को 2016 में की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों को 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी 12% इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके लिए कोर्ट ने 6 हफ्ते का समय दिया है।



### बंगाल सरकार ने कहा- शिक्षकों को अप्रैल की सैलरी देंगे

बंगाल सरकार ने कहा कि वह उन सभी 25,753 शिक्षकों और नॉन टीचिंग स्टाफ को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियां रद्द की गई हैं। राज्य सरकार ने कहा कि सभी कर्मचारियों ने लगभग पूरे अप्रैल काम किया है। इसलिए मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक सभी को सैलरी दी जाएगी।

### क्या हैं बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला?

पश्चिम बंगाल सरकार ने 2016 में स्टेट लेवल सेलेक्शन टेस्ट-2016 (SLCT) के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी।

इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में CBI ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी और SSC के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। अर्पिता पेशे से मॉडल थीं।

## राजनाथ सिंह ने लखनऊ से किया नामांकन

**लखनऊ.** केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने नामांकन दाखिल किया। अपने नामांकन से पहले उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और अन्य बीजेपी नेताओं के साथ रोड शो किया। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है।

राजनाथ सिंह के रोड शो का लखनऊ में जगह-जगह स्वागत हो रहा है। राजनाथ सिंह और वरिष्ठ नेता रथ पर सवार हैं। बीजेपी कार्यकर्ता उत्साह से नारेबाजी करते हुए नामांकन जुलूस में चल रहे हैं। नामांकन के लिए निकलने से पहले राजनाथ सिंह ने हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर सिंधी, पंजाबी और सिख समाज के लोगों ने मंदिर में प्रार्थना, पूजा और अरदास की।

# नरेंद्र मोदी पर 6 साल चुनावी बैन वाली याचिका खारिज

- हाईकोर्ट बोला- पिटीशन कई कारणों से गलत
- हम चुनाव आयोग को निर्देश नहीं दे सकते

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 6 साल के लिए चुनावी बैन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिकाकर्ता एडवोकेट आनंद एस जोंधले का आरोप था कि PM मोदी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया। चुनाव आयोग की तरफ से एडवोकेट सिद्धांत कुमार ने पैरवी की।

कोर्ट ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है। याचिकाकर्ता का मानना है कि आचार संहिता का उल्लंघन हुआ,



लेकिन हमारे लिए चुनाव आयोग को किसी शिकायत पर कोई विशेष नजरिया अपनाने का निर्देश देना सही नहीं है। चुनाव आयोग जोंधले की शिकायत पर कानून के मुताबिक एक्शन लेगा। हम ये याचिका खारिज करते हैं।

जोंधले ने 15 अप्रैल को अपनी याचिका में कहा था कि PM मोदी भगवान और मंदिरों के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा- PM ने 9 अप्रैल को UP के पीलीभीत में अपने भाषण के दौरान हिंदू देवी-देवताओं, सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे। इसी स्पीच को एडवोकेट जोंधले ने याचिका का आधार बनाया।

जोंधले के मुताबिक, मोदी ने कहा कि उन्होंने राम मंदिर का निर्माण करवाया। करतारपुर साहिब कॉरिडोर का विकास करवाया। PM ने कहा कि उन्होंने गुरुद्वारों में परोसे जाने वाले लंगर में इस्तेमाल होने वाले सामान से GST हटाया। साथ ही अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतियां वापस मंगवाईं।

याचिकाकर्ता जोंधले ने कहा कि आचार संहिता के तहत कोई भी पार्टी या उम्मीदवार किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता, जो दो जातियों या समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकती है

## तमंचे पर डिस्को करते हुए झोंका फायर, दो घायल

**अलीगढ़.** अलीगढ़ में शादी वाले घर के बाहर तमंचे पर डिस्को करना दो युवकों को भारी पड़ गया। एक युवक के हाथ में तो दूसरे के पेट को गोली रगड़ते हुए गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मौलाना आजाद नगर की है। स्थानीय राशिद बैल्डिंग का काम करता है। उसके पड़ोसी के घर शनिवार को वैवाहिक कार्यक्रम था। वहीं रविवार को शादी होनी है। घर के बाहर डीजे बजाकर कुछ युवक शादी का जश्न मना रहे थे। जिसमें खुद राशिद डांस कर रहा था। इनमें मोहल्ले का गुड्डू भी डांस कर रहा था। अचानक गुड्डू ने जश्न के उत्साह में तमंचा निकाल पहले एक फायर किया। उसके बाद फिर दूसरा फायर किया, मगर इस बार कारतूस अटक गया। उसने जैसे ही तमंचा नीचे किया और अचानक फायर हो गया। इस दौरान गुड्डू का हाथ जख्मी हुआ और गोली राशिद के पेट से रगड़ती हुई निकल गई।

# टी-20 वर्ल्डकप-टीम इंडिया का ऐलान 1 मई को संभव



- टीम का पहला बैच 22 मई को हो सकता है रवाना
- जून में होगा टूर्नामेंट

अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान 1 मई को हो सकता है। ICC की ओर से वर्ल्ड कप के लिए टीम की घोषणा की आखिरी तारीख भी 1 मई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, BCCI के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए IPL मैच को देखने के लिए विशेष रूप से दिल्ली आए थे, ताकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके।

### 22 मई को रवाना हो सकता है पहला बैच

इस दौरान दोनों के बीच एक अनऑफिशियल मीटिंग हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 1 मई को डेडलाइन खत्म होने के दिन भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। टीम का पहला बैच 22 मई को उन खिलाड़ियों के साथ वर्ल्ड कप के लिए रवाना होने वाला है जो तब तक IPL से बाहर हो जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि सिलेक्शन कमेटी IPL के परफॉर्मेंस को देखते हुए सिलेक्शन नहीं करेगी। कमेटी का मानना है वेस्टइंडीज में स्थिति यहां से काफी अलग होगी।

### दूसरा विकेटकीपर कौन होगा

रिपोर्ट के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप में जो दूसरी मीटिंग होने वाली है, उसमें कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर चर्चा हो सकती है। विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत के साथ संजू सैमसन और केएल राहुल के नामों को लेकर भी संशय है। पंत का चयन तय माना जा रहा है। वहीं, दूसरे विकेटकीपर को लेकर चर्चा जारी है।

# सोनमर्ग में एवलांच आया

- बरसात के साथ बर्फबारी का अलर्ट

**सोनमर्ग.** जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग के सरबल इलाके में एवलांच आया है। माछिल में भारी बर्फबारी के चलते बीते 24 घंटे में बर्फ की 12 से 15 इंच मोटी परत जम गई है। अगले 8 घंटे में कई जगहों पर भारी बारिश और ओले गिरने और ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की आशंका है।

कश्मीर में पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश-बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी की स्थिति बनी रहेगी। श्रीनगर प्रशासन ने लोगों को झेलम नदी और डल झील समेत अन्य नदी-नालों से से दूर रहने की सलाह दी है। वहीं, रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद हो गया है। वहीं, देश में तेज गर्मी का असर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

# अमित शाह एडिटेड वीडियो केस, तेलंगाना CM को समन

- दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी को 1 मई को बुलाया
- अपना मोबाइल साथ लाने को कहा

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना CM रेवंत रेड्डी को समन जारी किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से 1 मई को पूछताछ करेगी। दिल्ली




पुलिस ने रविवार (28 अप्रैल) को इस मामले में FIR दर्ज की थी।

वायरल वीडियो में शाह SC-ST और OBC के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी PTI के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है।

इस एडिटेड वीडियो को वायरल करने को लेकर एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने देशभर में FIR दर्ज कराने का फैसला किया है। उधर, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर बताया कि इस मामले में असम से रीतोम सिंह को अरेस्ट किया गया है।

दिल्ली पुलिस की ओर से जारी किए गए नोटिस में तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को अपना फोन भी लाने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक रेड्डी के फोन की भी जांच की जाएगी। दरअसल, रेवंत ने भी अपने एक्स अकाउंट से अमित शाह के फेक वीडियो को शेयर किया था। तेलंगाना कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट समेत पार्टी के कई नेताओं ने इस वीडियो को शेयर किया था। हालांकि, इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स से यह पोस्ट अब हटा ली गई है।

# अरविंद केजरीवाल से मिलने जेल पहुंची पत्नी सुनीता, मंत्री आतिशी भी साथ

- AAP का दावा- पहले तिहाड़ प्रशासन ने परमिशन नहीं दी थी

**नई दिल्ली.** दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने जेल पहुंची हैं। आम आदमी पार्टी ने दावा किया था पहले जेल प्रशासन ने मुलाकात की परमिशन देने से इनकार कर दिया था।

सुनीता और आतिशी, केजरीवाल से मुलाकात करने दोपहर 12:30 पहुंचीं। आतिशी की मीटिंग एक हफ्ते पहले फिक्स की गई थी। इसके बाद 30 अप्रैल यानी अगले दिन पंजाब CM भगवंत मान की केजरीवाल से मिलेंगे।

केजरीवाल को ED ने 21 मार्च को शराब नीति केस में



गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उन्हें तिहाड़ भेज दिया गया। उनकी न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ाई गई है। आज उनकी हिरासत को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

मुलाकात के लिए हफ्ते में 2 स्लॉट बुक रहते हैं- तिहाड़ तिहाड़ के अधिकारियों का कहना था कि किसी व्यक्ति से मिलने के लिए एक हफ्ते में दो स्लॉट ही बुक किए जा सकते हैं। आतिशी और भगवंत मान ने पहले ही CM से मिलने के लिए स्लॉट की बुकिंग कर दी थी। इसी वजह से उन्हें परमिशन मिल गई, लेकिन सुनीता केजरीवाल ने बाद में अनुमति मांगी।

इसके पहले, आम आदमी पार्टी ने कहा था कि जेल नियमों के मुताबिक हफ्ते में दो मीटिंग हो सकती हैं और हर मीटिंग में दो लोग रह सकते हैं। इसी हिसाब से 29 अप्रैल के लिए आतिशी के साथ सुनीता केजरीवाल का नाम भी मेल के जरिए तिहाड़ जेल प्रशासन को भेजा गया था, लेकिन जेल प्रशासन की तरफ से सुनीता केजरीवाल की मुलाकात रोक दी गई।

AAP ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में लिखा कि जेल में अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। क्या अब एक पत्नी अपने पति से भी नहीं मिल सकती?

# कनाडाई PM के सामने लगे खालिस्तान जिंदाबाद के नारे

## भारत ने कनाडाई राजदूत को तलब किया; कहा- आप हिंसा-उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे

**टोरंटो.** कनाडा के टोरंटो में रविवार (28 अप्रैल) को खालसा दिवस और सिखों का नव वर्ष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संबोधन के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। भारत सरकार ने इस पर नाराजगी जताते हुए कनाडा के डिप्टी हाई कमिश्नर को विदेश मंत्रालय में तलब करके नाराजगी जाहिर की।

विदेश मंत्रालय ने कहा- कनाडा के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए। इस तरह के कार्यक्रम को बेरोक-टोक करने की अनुमति दिया जाना चिंताजनक है। कनाडा में एक बार फिर अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को राजनीतिक जगह दी गई है। यह गतिविधियां भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती हैं। साथ ही कनाडा में भारतीयों के साथ हिंसा के माहौल को बढ़ावा देती हैं।

### ट्रूडो ने कहा- सिखों के अधिकारों की रक्षा करेंगे

ट्रूडो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे कनाडा में रह रहे 8 लाख सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेंगे। सिख कनाडा की सबसे बड़ी ताकतों में से एक हैं। हम अपने मतभेदों के बावजूद एकजुट हैं। जब हम इस विविधता को देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि सिख समुदाय के मूल्य ही कनाडा के मूल्य हैं।

कनाडाई पीएम ने कहा कि वे देश का सुरक्षा ढांचा और मजबूत कर रहे हैं। गुरुद्वारों समेत सभी पूजास्थलों की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। कोई भी व्यक्ति बिना किसी चिंता के कनाडा में अपने धर्म का पालन कर सकता है।

कनाडाई पीएम ने कहा- मुझे पता है कि आप में से कई लोग भारत में मौजूद अपनों से ज्यादा बार मिलना चाहते हैं। यही कारण है कि हमारी सरकार ने भारत के साथ एक नए समझौते पर बातचीत की है। इससे दोनों देशों के बीच फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। हम अमृतसर समेत भारत के बाकी हिस्सों को कनाडा से जोड़ने के लिए फ्लाइट्स बढ़ाने पर काम कर रहे हैं।

## संक्षेप...

### 9 साल की बच्ची से रेप

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में अपने पड़ोस में रहने वाली सात साल की लड़की के साथ बलात्कार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने रविवार को आरोपी को पकड़ा है. 40 साल का आरोपी और पीड़िता उल्वे इलाके में एक ही इमारत में रहते थे. शनिवार की शाम पीड़ित बच्ची खेलने के लिए आरोपी के घर गयी थी. सागरी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने उसके साथ अपने घर में ही रेप किया था.

# प्रकाश आंबेडकर ने उद्धव ठाकरे पर जताया संदेह

### कहा- 'लिखित में दें कि नतीजे के बाद...'

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव की बची हुए सीटों पर दो चरणों की वोटिंग बाकी है. महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं. वो महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी और राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं. इस बीच वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के चीफ प्रकाश आंबेडकर ने उद्धव ठाकरे को चैलेंज दे दिया है.

प्रकाश आंबेडकर ने उद्धव ठाकरे को चैलेंज दिया कि वो लिखित में दें कि जून में लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद भी वह कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी को समर्थन देंगे. उन्होंने संदेश जताया कि चुनाव नचीजों के बाद उद्धव ठाकरे की निष्ठा राज्य में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) और राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' ब्लॉक के प्रति बनी रहेगी.





इसके साथ ही उन्होंने उद्धव ठाकरे की पार्टी से औपचारिक प्रतिबद्धता की मांग की कि महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव तक वह महाविकास अघाड़ी का हिस्सा बनी रहेगी. उन्होंने एमवीए में 'खटास' की ओर इशारा करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे वोटर्स को ये आश्वासन लिखित में क्यों नहीं दे सकते. प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि जनता के सामने सबकुछ साफ हो जाना चाहिए, वरना इसका कोई मतलब नहीं रह जाएगा.

बता दें कि लोकसभा चुनावों से पहले प्रकाश आंबेडकर को इंडिया गठबंधन में शामिल करने की कवायद लंबी चली. लेकिन ऐसा हो नहीं सका. उन्होंने ऐलान कर दिया कि वो इस गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेंगे. उन्होंने राहुल गांधी के साथ मंच तक साझा किया था लेकिन बाद में बात नहीं बनी.

प्रकाश आंबेडकर की पार्टी महाराष्ट्र की कुल 48 लोकसभा सीटों में से 45 सीटों पर चुनाव लड़ रही है. वो इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं लेकिन बारामती सीट पर उन्होंने शरद पवार को समर्थन देने का ऐलान किया था. इस सीट से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले सांसद हैं और उनका मुकाबला भाभी सुनेत्रा पवार से है. सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं.

### पूर्व नगरसेवक मढवी गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** शिवसेना उबाठा के पूर्व नगरसेवक एम के मढवी को भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने रंगदारी लेते हुए गिरफ्तार किया. घटना शनिवार देर रात की है. उद्धव गुट के दबंग नगरसेवक रहे मढवी ने ऐरोली में केबल वायर बिछाने वाले एक ठेकेदार से 2.50 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की थी. इस डील में से 1 लाख रुपए लेते हुए उन्हें ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया. रबाले पुलिस स्टेशन में इस मामले को दर्ज किया गया है.

# मुंबई पुलिस ने बच्चों को बेचने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़




- डॉक्टर समेत 7 गिरफ्तार

**मुंबई.** मुंबई पुलिस ने बच्चों को बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है. इस मामले में एक डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस की तरफ से बताया गया है कि इस मामले में 2 शिशुओं को गिरोह से छुड़ाया भी गया है. चौंकाने वाली बात यह है कि इस गैंग में एक डॉक्टर भी शामिल है. मुंबई पुलिस ने जानकारी दी है कि फर्टिलिटी सेंटरों में काम करने वाली महिलाओं की मदद से यह रैकेट चलाया जा रहा है. जांच में पता चला है कि गिरोह अब तक 14 बच्चों को बेच चुका है.

पुलिस ने बच्चों को बेचने वाली महिला दलाल समेत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. साथ ही गहन पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में वंदना अमित पवार, शीतल गणेश वारे, स्नेहा सूर्यवंशी, नसीमा खान, लता सुरवाडे, शरद देवार और डॉ. शामिल हैं. संजय सोपानराव खंडारे शामिल हैं.

सभी आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. इस गिरोह के जरिए आरोपियों द्वारा बेचे गए बच्चों में 11 लड़के और तीन लड़कियां हैं. बेचे गए शिशुओं की उम्र न्यूनतम 5 दिन से लेकर अधिकतम 9 महीने तक है. पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर. पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एक BHMS डॉक्टर को भी हथकड़ी लगाई गई है. फर्टिलिटी पुलिस ने बताया कि यह रैकेट फर्टिलिटी सेंटरों में काम करने वाली महिलाओं की मदद से चलाया जा रहा है. छोटे बच्चों को बेचने वाले गिरोह के 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

# ठाणे लोकसभा चुनाव के लिए 2 ने भरा नामांकन



**ठाणे.** ठाणे में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की तिथी चुनाव आयोग ने 20 मई को सुनिश्चित किया है।चुनाव का समय नजदीक आते देख 29 अप्रैल 2024 सोमवार को शिवसेना उध्दव बालासाहेब ठाकरे दल के उम्मीदवार राजन बाबुराव विचारे के साथ पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड,पत्नी नंदिनी विचारे,पुत्री लतिका विचरे,धनश्री विचारे मौजूद थी। ओबीसी जनमोर्चा के मल्लिकार्जुन सायबन्ना पूजारे ने अपक्ष उम्मीदवार ने चुनावी निर्णय अधिकारी व अतिरिक्त जिला अधिकारी मनिषा जायभाये को अपना नामांकन पत्र दिया।वहीं दोपहर 3 बजे 21 नामंकन पत्र का वितरण भी किया गया।ठाणे 25 लोकसभा चुनाव के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहिला मंजिल पर नामांकन पत्र का वितरण शुरू है।जिसमें अपक्ष 10, दिल्ली जनता पार्टी 3, लोकराज्य पक्ष 1, हिंदू समाज पार्टी 3, धर्मवीर आनंद दिघे साहेब विचार सेवा मंच 1,बहुजन समाज पार्टी 2, भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी 1 आदि राजनीतिक दलों के इच्छुक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र लेकर गए।

# वाहन चोरों का गिरोह पकड़ा गया

- तड़ीपार आरोपी सहित 2 नाबालिग हिरासत में
- 1 रिक्शा व 9 बाइक बरामद
- शांतिनगर पुलिस की बड़ी सफलता

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी शांतीनगर परिसर में भारी पैमाने पर हो रही आटोरिक्शा एवम बाइक चोरी की घटनाएं पुलिस की खातिर सिरदर्द हो गई थी. चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त डा श्रीकांत परोपकारी ने सभी पुलिस स्टेशनों के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शरीर चोरों को पकड़े जाने का सख्त आदेश दिया है. शांतिनगर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि,वाहन चोरी में पकड़े गए तीनों आरोपी मौजमस्ती,अय्याशी करने की खातिर वाहन चोरी कर कम भाव में लोगों को बेच कर मुंबई जाकर जुहू चौपाटी,पांच सितारा होटलों में मौजमस्ती करते थे. पुलिस उपायुक्त परोपकारी के कड़े आदेश का पालन करते हुए शांतीनगर पुलिस स्टेशन की अपराध शाखा टीम में शामिल सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे व सुरेश घुगे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शेर अली इमाम फकीर उर्फ पिल्ला एवम 2 नाबालिक युवकों को गिरफ्तार कर 1 आटोरिक्शा एवम 9 दुपहिया वाहन कीमत 4 लाख 35 के वाहन जब्त किए जाने में कामयाबी हासिल की एवम गिरफ्तार आरोपी शेर अली इमाम फकीर उर्फ पिल्या की टीम से अन्य 10 अपराध में शामिल होने का खुलासा हुआ है. तड़ीपार आरोपी शेर अली ने पुलिस को बताया कि तीनों दोस्त मौजमस्ती, अय्याशी करने के लिए वाहनों की चोरी करते थे. कई अपराध में लिप्त अपराधी शेर अली को निजामपुर पुलिस स्टेशन ने ठाणे जिले की सीमा तड़ीपार भी किया था बावजूद वह चोरी चुपके शहर में आकर वाहन चोरी की घटनाओं को अपने नाबालिक सहकर्मियों की मदद से अंजाम देता था.वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर तीनों साथी मुंबई चौपाटी, फाईव स्टार होटल में मौजमस्ती,खाने को जाते थे.वाहनों में जहां पेट्रोल खत्म होता था वहीं छोड़ देते थे.

# 400 पार के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान होना जरूरी

### महायुति के संवाद सम्मेलन में बोले सांसद श्रीकांत शिंदे




उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अबकी बार 400 पार' के सपने को पूरा करने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान करना जरूरी है। इसके लिए महायुती के सभी घटक दलों के कार्यकर्ता अगले 20 दिनों तक एकजुट होकर काम करें ऐसी अपील सांसद डॉ.श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने की। डोंबिवली के जिमखाना में महायुती द्वारा डोंबिवली और कल्याण ग्रामीण विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया, इसी सम्मेलन में श्रीकांत शिंदे बोल रहे थे। इस मौके पर राज्य के लोक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण, शिवसेना के सचिव भाऊसाहब चौधरी, युवासेना सचिव दीपेश म्हात्रे, जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, रमाकांत मढ़वी, शहर प्रमुख राजेश मोरे, एनसीपी अजित गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद हिंदूराव, ठाणे जिलाध्यक्ष आनंद परांजपे, मनसे के जिलाध्यक्ष प्रकाश भोईर, आरपीआई के जिलाध्यक्ष प्रल्हाद जाधव इत्यादि महायुती के नेता उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्रीकांत शिंदे ने कहा कि हमें हमेशा कल्याण ग्रामीण और डोंबिवली से अधिकांश वोट मिलते हैं, लेकिन इस बार एनसीपी और एमएनएस भी शिवसेना-भाजपा के साथ होने से वोटों की संख्या काफी हद तक बढ़ जाएगी। सांसद शिंदे ने कहा कि वह केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाना चाहते हैं। कल्याण लोकसभा में बड़ी मात्रा में फंड मिला है और उसमें से एमआईडीसी क्षेत्र की सड़कों सहित सभी सड़कों को डामर मुक्त और गड्डा मुक्त बनाया जाएगा। शिंदे ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने 27 गांवों का कर माफ करने का निर्णय लिया। संत सावलाराम महाराज के स्मारक का आरक्षण बदल दिया गया है जिससे जल्द ही कल्याण में एक भव्य स्मारक बनाया जाएगा। बेतवड़े में आगरी-कोली भवन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इन सभी कार्यों के बल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना 'अबकी बार 400 पार' को पूरा करने के लिए अधिक से अधिक वोट के लिए काम करने की अपील शिंदे ने महायुती के कार्यकर्ताओं से की।

### लोकल ट्रेन पटरी से उतरी, हार्बर लाइन ठप

**मुंबई.** मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली एक लोकल ट्रेन के डीरेल हो जाने की वजह से हार्बर लाइन पर परिचालन पूरी तरह ठप्प हो गया है. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक मध्य रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन का एक डिब्बा सोमवार सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर पटरी से उतर गया. इस हादसे में कोई यात्री घायल नहीं हुआ. अधिकारी ने बताया कि पनवेल से सीएसएमटी जाने वाली लोकल ट्रेन के एक डिब्बे की ट्रॉली सुबह करीब 11.35 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर आते ही पटरी से उतर गई. उन्होंने बताया कि प्रभावित डिब्बे में किसी यात्री के घायल होने की कोई खबर नहीं है. अधिकारी ने कहा, हालांकि, ट्रेन के पटरी से उतरने के कारण हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं और सीएसएमटी जाने वाली ट्रेनों को मस्जिद स्टेशन पर रोक दिया गया.

# भिवंडी मनपा का टीबी विभाग लापरवाह

- हजारों टीबी मरीजों की जान पर मंडरा रहा खतरा

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा टीबी विभाग के गैर जिम्मेदाराना रवैया की वजह से हजारों टीबी मरीजों की जान पर खतरा मंडरा रहा है. विगत 2 माह से टीबी की प्राथमिक दवा 3 FDC नहीं मिलने के कारण टीबी मरीज मेडिकल स्टोर से खरीदी कर मेडिसिन लेने को मजबूर हैं. शासन द्वारा टीबी मरीजों को दी जाने वाली मुफ्त दवा उपलब्ध नहीं होने की वजह से टीबी रोग से पीड़ित महिला, पुरुष, बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा खतरे में पड़ गई है. मनपा टीबी विभाग मरीजों को मुफ्त दवा मुहैया कराए जाने में अक्षम साबित हो रहा है.



गौरतलब हो कि, पावरलूम नगरी भिवंडी में टीबी रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या करीब 4,250 से अधिक है. झोपड़पट्टी बहुल क्षेत्र शांति नगर, गुलजार नगर, राम नगर, नवी बस्ती, महाडा कॉलोनी, ईदगाह रोड, आज़मी नगर आदि मजदूर बहुल स्लम बस्तियों में रहने वाले तमाम गरीब मजदूरो को टीबी बीमारी ने चपेट में लिया है. टीबी बीमारी होने का प्रमुख कारण पावरलूम नगरी में मजदूर को खानपान की असुविधा, पौष्टिक आहार नहीं मिलना एवम औद्योगिक क्षेत्रों सहित झोपड़ पट्टी एरिया में साफ सफाई का पूर्णतया अभाव होना है. सूत्रों की मानें तो, टीबी विभाग द्वारा शासन को पति वर्ष टीबी रोगियों का दिया जाने वाला आंकड़ा भी पूर्णतया गलत है. टीबी रोग से पीड़ित कई मरीज ने बताया कि, टीबी रोग की प्राथमिक दवा 3 FDC नियमित नहीं लिए जाने से मरीज को कोई फायदा नहीं होता है. टीबी की दवा प्रतिदिन नियमित रूप से लेना बेहद जरूरी है अन्यथा रोग धीरे धीरे बढ़ता जाता है. आश्चर्यजनक है कि, भिवंडी में विगत 2 माह से टीबी की प्राथमिक दवा 3FDC मरीजों को नहीं मिली है जिससे हजारों मरीजों की जीवन सुरक्षा खतरे में पड़ गई है. मरीजों का आरोप है कि, मनपा प्रशासन का टीबी विभाग पर कोई अंकुश नहीं है.

टीबी विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाली डाक्टर बुसरा के पास मनपा प्रमुख वैद्यकीय अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज है.वे टीबी विभाग पर कोई ध्यान नहीं देती हैं. शासन द्वारा टीबी विभाग को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का फंड दिए जाने के बाद भी भिवंडी शहर में विगत 10 वर्षों से टीबी मरीजो के आंकड़े में कोई बदलाव नहीं हो रहा है. भिवंडी में टीबी विभाग द्वारा चिन्हित टीबी रोग पीड़ित मरीजों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है. विभागीय आंकड़ों की माने तो, भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत मजदूर बहुल बस्तियों में टीबी रोग से पीड़ित मरीजों में 50% महिलाएं, 40% पुरुष एवम 10% बच्चों का समावेश है.

### एक्शन लिया जाएगा

टीबी मरीजों को शासन से मुफ्त दवा मिलती है. टीबी की दवा नियमित रूप से नहीं लेने पर मरीज को काफी दिक्कत होती है.टीबी विभाग की लापरवाही की जांच कर उचित एक्शन लिया जाएगा.

**अजय वैद्य,** प्रशासक, आयुक्त मनपा भिवंडी...

# हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा को करना पड़ा था स्ट्रगल

प्रियंका चोपड़ा ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने और बॉलीवुड में पहचान बनाने के बाद हॉलीवुड का रुख किया था। इसके बाद भी उन्हें वहां पर स्ट्रगल करना पड़ा था। बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस होने के बाद भी प्रियंका ने वहां पर जीरो से शुरुआत की। यह प्रियंका की लाइफ का डार्क फेज था। इंडस्ट्री में ना कोई उनका दोस्त था, ना ही वे किसी को जानती थीं। यहां तक कि न्यूयॉर्क सिटी में भी उनका कोई परिचित नहीं था। हालांकि, इतनी कठिनाई के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। सिचुएशन उनके फेवर में नहीं थी, फिर भी वो लड़ीं और खुद की पहचान बनाई। प्रियंका ने 2017 की फिल्म बेवॉच से हॉलीवुड डेब्यू किया था। ये सारी बातें खुद प्रियंका ने हालिया इंटरव्यू में कहीं हैं।

### हॉलीवुड इंडस्ट्री के लोगों से अनजान थीं प्रियंका



कैवनॉघ जेम्स के पॉडकास्ट में प्रियंका ने हॉलीवुड में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात की। उन्होंने कहा- इस इंडस्ट्री को मैं नहीं जानती थी। वहां के लोगों को नहीं जानती थी। वहां पर कोई ऐसा दोस्त भी नहीं था, जो सुबह मुझे 2 बजे फोन करे, जोकि बहुत जरूरी होता है। मैं बहुत अकेली थी और ये सब बहुत डरावना था।

# फुटपाथ पर रहने वाले बेघरों की कमाल की फोटोग्राफी

**मुंबई.** आज तक आपने कैमरे से फोटो क्लिक करते हुए बहुत से लोगों को देखा होगा, लेकिन फुटपाथ पर रहने वाले ऐसे बेघर नागरिकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके कैमरे से क्लिक हुए 13 फोटो को चयनित कर माई मुंबई कॅलेंडर 2024 का आकर्षक कैलेंडर बन पाया। 1350 फ़ोटो का इसे ज़खीरा ही कहा जा सकता है जो मुंबई को अपने नजरिए से न सिर्फ़ देख रहा है बल्कि उसके बदलते स्वरुप को बयां भी करता है।

'पहचान' संस्था के अध्यक्ष बृजेश आर्य की पहल पर मुंबई के फुटपाथ पर रहने वाले उन बेघरों को अपनी कला का आविष्कार करने का मौका मिला। जिनके फ़ोटो कैलेंडर में चयनित हुए उन्हें मेडल देकर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने पुरस्कृत किया। आर्य बताते है कि माई वर्ल्ड लंडन के पॉल रायन की मदद से फुजि फ़िल्म के 50 कैमरे मुफ्त में उपलब्ध हुए। कुल 1350 फोटो निकाले गए जिनमें से 105 कैलेंडर के लिए मंजूर हुए। मुंबई के 4 जज पेररी सुब्रमण्यम, इयान पेरेरा, राजीव आसगावकर, राजन नंदवाना एवं सेंट झेवियर्स में इन फोटो को प्रदर्शित आम राय लेने के बाद 13 फ़ोटो बेस्ट पाए गए। कैफ़े आर्ट लंदन में उन फ़ोटो और बेहतर बनाकर कैलेंडर बना जिसका लोकार्पण महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कर बेघरों की कला की सराहना की।




इस कैलेंडर में जिनकी फोटो प्रकाशित हुई है उनमें आरती खारवा (मुख पृष्ठ), नितीन खारवा (जनवरी), फिरोज शाह (फरवरी), सुनील खारवा (मार्च), नितीन खारवा (अप्रैल), राहुल परमार (मई), सिकंदर मंसूरी (जून), शीला पवार (जुलाई), सुरेश पवार (अगस्त), आकाश खारवा (सितंबर), सुनंदा गायकवाड़ (अक्टूबर), शोभा खारवा (नवंबर) एवं अनिल बूटिया (दिसंबर) शामिल है। सुभाष रोकड़े एवं छात्र स्वयंसेवक द्वन्शित , अशल्यन एवं श्रेय ने इनसे फ़ोटो खिंचवाने से लेकर संकलित करने का काम किया।

# बड़े भाई ने की छोटे भाई की पिटाई

- शराब के नशे में बड़ा भाई मां को देता था गाली
- विरोध करने पर छोटे भाई को डंडे से पीटा

**कल्याण.** मां को गाली बकने वाले बड़े का विरोध करना छोटे भाई को उस वक्त भारी पड़ गया जब बड़े भाई ने लकड़ी के डंडे से छोटे भाई की पिटाई कर दी। पिटाई में बुरी तरह से घायल छोटे भाई को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पूर्व के शिवाजी कॉलोनी,जरिमरी चॉल में विनोद तुकाराम (42) अपने भाई संतोष माने (45) और 75 वर्षीय माँ सुलोचना माने के साथ रहता है। विनोद एक गैस एजेंसी में सिलेंडर डिलेवरी का काम करता है और उससे मिलने वाली आमदनी से अपना घर खर्च चलाता है। विनोद के बड़े भाई संतोष को शराब पीने की लत है। पुलिस के मुताबि संतोष अक्सर शराब के नशे में अपनी बूढ़ी मां के साथ गाली गलौज करता था। शनिवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब संतोष घर पर आया और माँ को गाली बकने के बाद झगड़ा करने लगा। जिसपर विनोद ने उसे गाली देने से मना किया। यह बात संतोष को रास ना आई और उसने गुस्से में आकर घर मे रखे डंडे से संतोष की पिटाई कर दी। मारपीट में वह लहू लुहान हो गया। आसपास के लोगों ने घायल अवस्था में विनोद को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल विनोद की शिकायत पर कोलसेवाड़ी पुलिस ने बड़े भाई विनोद पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# 1.61 करोड़ की ड्रग के साथ 11 गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के वाशी में कोपरीगांव में पुलिस ने छापा मारकर 1.61 करोड़ रुपये की कोकीन और अन्य नशीले पदार्थ जब्त किए और 11 नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल (एएचटीसी) की टीम ने शुक्रवार की देर रात कोपरीगांव स्थित फ्लैट में छापा मारा और कथित तौर पर ड्रग रैकेट चलाने के आरोप में 11 नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 1.61 करोड़ रुपये की कोकीन और अन्य नशीले पदार्थ जब्त किए। जब्त की गई ड्रग में ज्यादातर कोकीन है।

स्टॉक में मेफेड्रोन और एमडीएमए भी शामिल है। मौके पर पकड़े गए आरोपितों की उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच है। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस की टीम कर रही है।

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099